कक्षा - आठवीं
विषय - हिन्दी रीडर

Red Wings
Page No. __ Date __/__/20__

पाठ 2 - लाख की चूड़ियाँ

कहानी से -

प्र01= बचपन में लेखक अपने मामा के गाँव चाव से क्यों जाता था और बदलू को 'बदलू मामा' न कहकर 'बदलू काका' क्यों कहता था ?

उ0= बचपन में लेखक अपने मामा के गाँव चाव से इसलिए जाता था क्योंकि मामा लेखक के लिए लाख की गोलियाँ बनाकर देते थे। लेखक 'बदलू मामा' न कहकर 'बदलू काका' इसलिए कहते थे क्योंकि गाँव के सभी बच्चे उन्हें काका कहते थे।

प्र02= वस्तु-विनिमय क्या है ? विनिमय की प्रचलित पद्धति क्या है ?

उ0= वस्तु-विनिमय में वस्तु के बदले पैसे न देकर वस्तु दी जाती है। विनिमय की प्रचलित पद्धति में वस्तु के बदले रुपये/पैसे दिए जाते हैं।

प्र03= 'मशीनी युग ने कितने हाथ काट दिए हैं' - इस पंक्ति में लेखक ने किस व्यथा की ओर संकेत किया है ?

उ0= इस पंक्ति में लेखक ने कारीगरों की व्यथा की ओर संकेत किया है कि मशीनों के आगमन के साथ कारीगरों के हाथ से काम-धंधा छिन गया। मानो उनके हाथ ही कट गए हो। उन कारीगरों का रोजगार इन पैतृक काम-धन्धों से ही चलता था। इसके अलावा उन्होंने कुछ भी नहीं सीखा था। पीढ़ी दर पीढ़ी इसी काम को आगे बढ़ाते थे। परंतु मशीनी युग ने जहाँ उनकी रोजी-रोटी पर वार किया है। वहाँ इन्हें बेरोजगार भी कर दिया है।

प्र04= बदलू के मन में ऐसी कौन सी व्यथा थी जो लेखक से छिपी न रह सकी ?

उ0= बदलू लाख की चूड़ियाँ बेचा करता था परंतु जैसे-जैसे काँच की चूड़ियों का प्रचलन बढ़ता गया वैसे-वैसे लाख की चूड़ियों का काम ठप हो गया। अपने व्यवसाय की यह दुर्दशा बदलू को मन ही मन कचोटती थी। बदलू के मन में इस बात की व्यथा थी कि मशीनी युग के प्रभाव स्वरूप उस जैसे अनेक कारीगरों को बेरोजगारी और उपेक्षा का शिकार होना पड़ा। अब लोग कारीगरों की कद्र न करके दिखावटी चमक पर

Scanned with CamScanner

अधिक ध्यान देते हैं। उसकी यह व्यथा लेखक से छिपी न रह सकी।

प्र०5 = मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया?

उ० = मशीनी युग से बदलू के जीवन में यह बदलाव आया कि उसका व्यवसाय बंद हो गया और वह बेरोजगार हो गया। काम न करने से उसका शरीर भी ढल गया, उसके हाथों और माथे पर नसें उभर आईं और वह बीमार रहने लगा।

कहानी से आगे –

प्र०1 = आपने मेले – बाजार आदि में हाथ से बनी चीजों को बिकते देखा होगा। आपके मन में किसी चीज को बनाने की कला सीखने की इच्छा हुई हो और आपने कोई कारीगरी सीखने का प्रयास किया हो तो उसके विषय में लिखिए।

उ० = मेले बाजार आदि में अक्सर मुझे हाथ से बनी चीजें आकर्षित करती हैं।

हाथ से कपड़े पर किया गया पैच वर्क सीखने के लिए मेरी इच्छा हुई। जिसे मैंने एक सिलाई केन्द्र पर जाकर पूरा किया।

प्र०2 = लाख की वस्तुओं का निर्माण भारत के किन – किन राज्यों में होता है? लाख से चूड़ियों के अतिरिक्त क्या – क्या चीज बनती हैं ज्ञात कीजिए।

उ० = लाख की वस्तुओं का निर्माण भारत के राजस्थान, उत्तर प्रदेश छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, महाराष्ट्र, असम आदि राज्यों में होता है। लाख से चूड़ियों के अतिरिक्त, आभूषण, मूर्तियाँ, गोलियाँ और सजावट की वस्तुएं बनती हैं।